भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2252
12 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न

गेहूं की कीमतों में वृद्धि

2252. श्रीमती लवली आनंद:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा खुले बाजार में गेहूं बेचने के बावजूद भी इसकी कीमतों में वृद्धि जारी है तथा पिछले दो महीनों में इसकी कीमत में पचास प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या देश में जमाखोरी के कारण गेहूं की कीमत बढ़ रही है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गेहूं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) से (ग): जी नहीं, पिछले दो माह के दौरान कीमतें स्थिर हैं। पिछले दो माह के दौरान गेहूं की कीमतों में रुझान **अनुबंध** में प्रस्तुत किया गया है।

समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और अनैतिक सट्टेबाजी को रोकने के लिए, भारत सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों पर गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। विनिर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसिंग संबंधी आवश्यकता, स्टॉक सीमा और संचलन प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश, दिनांक 24 जून 2024 को जारी किया गया और दिनांक 09 सितंबर 2024, 11 दिसंबर 2024 और 20 फरवरी 2025 को संशोधित किया गया।

इसके अलावा, गेहूं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, 01 अप्रैल 2024 से, भारत सरकार ने खुला बाजार बिक्री स्कीम (घरेलू) या ओएमएसएस (डी) के तहत खुले बाजार में बिक्री के लिए 30 लाख टन गेहूं आबंटित किया है, जबकि भारत आटा ब्रांड के तहत आटे की बिक्री के लिए 12 लाख टन गेहूं आबंटित किया गया है।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 12.03.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2252 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

तालिका 1: पिछले दो माह के दौरान गेहूं की कीमत का रुझान।

जिंस	दैनिक औसत खुदरा मूल्य (रु./किग्रा.)						
	कीमत इस प्रकार है	1 सप्ताह पहले	1 माह पहले	2 माह पहले	% भिन्नता		
	06-03-2025	**27-02-2025**	**06-02-2025**	**06-01-2025**	1 सप्ताह	1 माह	2 माह
गेहूं	32.76	32.79	32.79	32.78	-0.09	-0.09	-0.06
	दैनिक औसत थोक मूल्य (रु./क्विंटल)						
	कीमत इस प्रकार है	1 सप्ताह पहले	1 माह पहले	2 माह पहले	% भिन्नता		
	06-03-2025	**27-02-2025**	**06-02-2025**	**06-01-2025**	1 सप्ताह	1 माह	2 माह
	2973.36	2976.56	2973.16	2971.77	-0.11	0.01	0.05

स्रोत: उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार।

*****